# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जुलाई से शुरू होगा

## निरीक्षण

**लखनऊ/गाजीपुर | हिटी**

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। शेष पांच प्रतिशत काम को हर हाल में जून के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई से एक्सप्रेस वे पर गाड़ियां भर्राटा भरने लगेंगी। उक्त बातें शनिवार को प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने आजमगढ़ और गाजीपुर में कहीं।

महाना सुबह 11:45 बजे आजमगढ़ पहुंचे। यहां पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पैकेज छह (किशुनदासपुर) तहबरपुर के पास स्थलीय निरीक्षण व समीक्षा की। उनके साथ प्रमुख सचिव अवनीश अवस्थी और अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विभाग अरविंद कुमार भी थे। इसके बाद दोपहर 1.55 बजे वह दोनों अधिकारियों के साथ हेलीकाप्टर से गाजीपुर पहुंचे।

शनिवार को प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने समीक्षा बैठक की।